सुविचार

हर अजनबी में एक सबक छिपा होता है, बस देखने की नजर चाहिए।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर



सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 17 | पंचकूला। शनिवार, 21 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### अनुसूचित जाति के किसानों के लिए ट्रैक्टरों के लिए ड्रॉ का आयोजन

**पंचकूला, 20 फरवरी।** जिला के कृषि विभाग द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा जिले के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए ट्रैक्टरों के लिए ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक कृषि अभियन्ता, ओमप्रकाश महिवाल ने बताया की सभी चयनित किसान 5 दिन के अंदर-अंदर अपने सभी डॉक्यूमेंट सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवा दें, जिनके निरीक्षण उपरांत किसानों को परमिट दे दिए जाएंगे। इसके बाद किसान सरकार द्वारा अनुमोदित कंपनियों से अपने ट्रैक्टर की खरीद कर सकते हैं। यदि किसी किसान का आवेदन किसी वजह रद्द से होता है तो प्रतीक्षा सूची में से अगले किसान का चयन कर लिया जाएगा। उन्होने बताया कि जिले के कुल 48 अनुसूचित जाति किसानों ने ट्रैक्टर के लिए आवेदन किया हुआ था जिनमें से 4 किसानों का ऑनलाइन ड्रॉ द्वारा चयन किया गया। चयनित किसानों में श्री संजीव कुमार पुत्र श्री धर्मपाल गांव टोका, श्री मेहर सिंह हुडीया पुत्र श्री पियारेलाल गांव वार्ड-8 एमसी पंचकूला, श्री अतुल आर्य पुत्र श्री राम किशन गांव वार्ड-10 एमसी पंचकूला एवं नरेश कुमार पुत्र जिता राम, गांव भूड, शामिल है। इस अवसर पर कृषि विभाग से रविन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक, श्री ओमप्रकाश महिवाल सहायक कृषि अभियन्ता, अशोक कौशिक, जिला उद्यान अधिकारी सहित जीएसटी विभाग के प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# पंचकूला को साफ स्वच्छ और बेहतरीन शहर बनाने के लिए लिया संज्ञान, विभागों को टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश

## जिला प्रशासन ने जिलावासियों की समस्याओं के मद्देनजर लिया संज्ञान, संबंधित विभागों के कार्य क्षेत्र की सूची जारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 20 फरवरी।** उपायुक्त सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने लोगों की समस्याओं व पंचकूला को साफ स्वच्छ व बेहतरीन शहर बनाने के लिए लिया संज्ञान। एसडीएम ने बताया कि पंचकूला को स्वच्छ, साफ सुथरा और बेहतरीन शहर बनाने में जिला प्रशासन व सरकार की नई पहल। एसडीएम ने सभी विभागों को दिए निर्देश, अपने- अपने विभागों की समस्याओं को ठीक करने के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी करें ताकि जिलावासी उस नंबर पर डायल कर अपनी समस्याओं को बताकर संबंधित विभाग से ठीक करवा सकें। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पीएमडीए, नगर निगम, एचएसआईआईडीसी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, श्री माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड को निर्देश दिए कि जिलावासियों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि लोगो को सरकार की सुविधाओं का समय पर लाभ मिल सके। कटारिया ने जिला के नागरिकों से भी अपील की कि संबंधित विभाग को अपनी समस्याओं यानि की सडक, पार्क, पेयजल, सीवरेज खराब होने के बारे में ब्यौरा देकर उनका समाधान करवाएं। जिले की सडकों, पार्कों, पेयजल सुविधा, सीवरेज में अगर कोई परेशानी आती है तो उन समस्याओं के निवारण के लिए नीचे दिए गए विभागों में जाकर अपनी समस्या दर्ज करवाएं और उनका समय रहते निवारण करवाएं। एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अपने अधिकार क्षेत्र के कार्यों का सूचि के बारे में भी लोगों को अवगत करवाएं ताकि जिलावासी बिना परेशानी के सरकार व जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों की बनाई लिस्ट, विवरण इस प्रकार है-

#### सडकों की समस्या को लेकर मुरम्मत हेतु

कटारिया ने बताया कि पंचकूला के सैक्टर-1,3,5 के अंदर की सडकें एचएसवीपी के डिविजन नंबर 1 के अंतर्गत आती हैं। सैक्टर-1,3,4 की टी प्वाईट से साकेतडी की ओर जाने वाली, एचएसवीपी के शिवालिक कंट्री कल्ब के सामने साकेतडी से यूटी बाउंड्री नजदीक किशनगढ एचएसवीपी के डिविजन-2 के अधिकार क्षेत्र में आती है।



एसडीएम श्री कटारिया ने बताया कि इंटरनेल स्टोर्म लाईन सैक्टर-2,3,6, 5बी, 5सी और सैक्टर-7 के माता मनसा एमडीसी क्षेत्र की सडकें व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, शिवालिक कंट्री कल्ब से साकेतडी की ओर जाने वाली व साकेतडी से किशनगढ जाने वाली सभी सडकें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के डिविजन-2 के अंतर्गत आती हैं। इन जगहों पर किसी भी प्रकार की संबंधित समस्या के लिए एचएसवीपी से संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करवा सकते हैं।

पंचकूला सैक्टर-7, 2,3 एमडीसी के डिवाईडिंग सडक जिन पर निमार्ण कार्य चल रहा है। एचएसवीपी डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

सैक्टर-23,24,27,28,31 व 32 के सभी अंदर की सडकें एचएसवीपी डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

पिंजौर क्षेत्र के सैक्टर-27/28, 27/30, 28/30 व सेक्टर-30 एचएसवीपी डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

सभी पंचकूला के सैक्टर 1 से सैक्टर 21 पंचकूला एक्सटैंशन, सैक्टर-22 से सैक्टर-28 की सभी डिवाईडिंग सडकें पीएमडीए डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

एमडीसी सैक्टर-1,2 साकेतडी गांव से यूटी बाउंड्री नजदीक महाशिव मंदिर से कैंबवाला गांव तक की सडकें पीएमडीए डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

ओल्ड पंचकूला से पीर बाबा से यूटी बाउंड्री (कालका रोड) की सडकें पीएमडीए डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

सैक्टर-4, 5 व एमडीसी के सैक्टर-5 ए की अंदर की सडकें नगर निगम कार्यकारी अभियंता पंचकूला के अंतर्गत आती है।

एमडीसी सैक्टर-5डी के अंदर की सडकें माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड के अंतर्गत आती है।

पंचकूला सैक्टर-2, 4, 6 से 21 तक की अंदर की सडकें नगर निगम कार्यकारी अभियंता पंचकूला के अंतर्गत आती है।

सैक्टर-22 पंचकूला, फेज-1, फेज-2 की सभी सडकें व उनका रखरखाव एचएसआईआईडीसी के अंतर्गत आती है।

#### सीवरेज समस्या के लिए

सैक्टर-1 से सेक्टर-21, फेज-1, फेज-2 और सभी गांव एचएसवीपी की डिविजन 1 के अंतर्गत आते है।

एमडीसी सैक्टर-1 से सेक्टर-7, सैक्टर 22 से सैक्टर 28, सैक्टर 31 व 32 को गांव साकेतडी व एमडीसी को छोडकर एचएसवीपी के डिविजन नंबर 2 के अंतर्गत आती है।

सीवरेज की समस्या के समाधान के लिए एमडीसी व साकेतडी, पब्लिक हेल्थ के अंतर्गत आते है।

#### वाटर सप्लाई

सैक्टर-1 से सैक्टर-21 फेज-1, फेज-2 व सैक्टर-3 देवीनगर समेत सभी गांव एचएसवीपी डिविजन नंबर 1 के अंतर्गत आती है।

एमडीसी सैक्टर-1 से 7, सैक्टर-22 से 28, 31, 32 नाडा गांव व एमडीसी साकेतडी को छोडकर एचएसवीपी डिविजन नंबर 2 के अंतर्गत आती है।

एमडीसी साकेतडी नाडा गांव (सैक्टर-31) देवीनगर सैक्टर-3 पब्लिक हेल्थ डिविजन के अंतर्गत आती है।

#### आंधी की स्थिति से निपटने के लिए

सभी स्टोर्म लाईन आंधी आने की स्थिति में एमडीसी सैक्टरों के डिवाईडिंग रोड सैक्टर-6/4, 4/1, 3/4, 5/5ए पंचकूला सैक्टर-1 से सैक्टर-21 फेज-1 फेज-2 व पंचकूला एक्सटैंशन पीएमडीए डिविजन नंबर- 3 के अधिकार क्षेत्र में आती हैं।

अंदर की स्टोर्म लाईन सैक्टर-2,3,6, 5बी, 5सी व 7 एमडीसी क्षेत्र के सामने एचएसवीपी शिवालिक कंट्री कल्ब से साकेतडी व साकेतडी से किशनगढ, एचएसवीपी के डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

पंचकूला सैक्टर-1, 3, 5 की सभी अंदर की स्टोर्म लाईन एचएसवीपी डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

पंचकूला सैक्टर-23, 24, 27,28,31 व 32 की सभी इंटर्नल स्टोर्म लाईन एचएसवीपी डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

पंचकूला सैक्टर-2,4,6,21,25,26 की सभी इंटर्नल स्टोर्म लाईन नगर निगम के डिविजन नंबर-1 और डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

पंचकूला सैक्टर-22 फेज-1 फेज-2 की इंटर्नल स्टोर्म लाईन एचएसआईआईडीसी के अंतर्गत आती है।

सिंह नाला चै, एमडीसी राजीव कालोनी नाला पीएमडीए डिविजन नंबर-3 के अंतर्गत आती है।

पार्को की समस्याओं के समाधान के लिए-

एमडीसी के राजीव गांधी पार्क सैक्टर-1 एचएसवीपी हार्टिकल्चर डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

सैक्टर-5 का सिल्वर जुबली पार्क एचएसवीपी हार्टिकल्चर डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

टाउन पार्क, कैक्टस गार्डन, वाटर बाडी, निर्जर वाटिका सैक्टर-5 पीएमडीए हार्टिकल्चर डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

टोपेरी पार्क सैक्टर-6 पचंकूला टैऊफिक पार्क सैक्टर-12ए पीएमडीए के हार्टिकल्चर डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आती है।

पंचकूला एक्सटैंशन सैक्टर-26 हर्बल पार्क पीएमडीए हार्टिकल्चर डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

एमडीसी सैक्टर-1 का रिक्रिशनल पार्क और मैंगो पार्क पीएमडीए डिविजन नंबर-1 के अंतर्गत आती है।

# चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट शिशु गृह का किया निरीक्षण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 20 फरवरी।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देशानुसार चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला, श्री अजय कुमार घनघस ने चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट शिशु गृह, सेक्टर-15, पंचकूला का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य संस्थान के समग्र कार्य-प्रणाली, देखभाल के मानकों तथा अभिलेखों के संधारण की समीक्षा करना था।

निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने स्टाफ के लिए बनाए गए उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और सुनिश्चित किया कि उसमें नियमित रूप से सही एंट्री की जा रही हैं। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की और निर्देश दिए कि सभी कैमरे निरंतर क्रियाशील रहें तथा निर्धारित नियमों के अनुसार फुटेज सुरक्षित रखी जाए। घनघस ने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने रसोईघर की स्वच्छता, खाद्य सामग्री के भंडारण तथा समग्र स्वच्छता मानकों की जांच की और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप बच्चों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने पर बल दिया।

सीजेएम ने बच्चों के आवासीय कक्षों का भी अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से बातचीत कर प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य, पोषण एवं दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। संस्थान द्वारा मेंटेंन किए गए मेडिकल रिकॉर्ड एवं अन्य आवश्यक रजिस्टरों की भी जांच की गई। पारदर्शिता और फंड के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु खातों एवं दान से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। स्टाफ से संवाद करते हुए श्री अजय कुमार घनघस ने उन्हें संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाने के निर्देश दिए और कहा कि चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में रह रहे बच्चों को विशेष देखभाल, स्नेह एवं सुरक्षा की आवश्यकता होती है। उन्होंने स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए उच्च स्तर की देखभाल एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी जोर दिया।



इसके उपरांत श्री घनघस ने डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, पंचकूला के अंतर्गत स्थापित लीगल एड क्लिनिक की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने हेतु गांव रत्तेवाली का भी औचक दौरा किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच भी उपस्थित रहे। सीजेएम ने क्लिनिक में तैनात पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स की उपस्थिति तथा नियमितता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सरपंच एवं उपस्थित पैरा लीगल वॉलंटियर्स को निर्देश दिए कि क्लिनिक में कानूनी परामर्श हेतु आने वाले सभी व्यक्तियों का व्यवस्थित रजिस्टर तैयार किया जाए। प्रत्येक आगंतुक का आधार नंबर, फोन नंबर, संक्षिप्त कानूनी विषय तथा अधिवक्ता/ पैरा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा प्रदान की गई सलाह का विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का दस्तावेजीकरण डीएलएसए को अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के कार्य और प्रदर्शन की प्रभावी निगरानी में सहायक होगा।

# समाजसेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं : तरुण भंडारी

**पंचकूला।** समाजसेवा से बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं है। इसी भावना को सार्थक रूप देते हुए हितैषी फाउंडेशन पिछले लगभग 30 वर्षों से पंचकूला में विभिन्न सामाजिक कार्यों का संचालन कर रहा है। संस्था द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले जनहितकारी कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने कहा कि भारत हितैषी एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्य वास्तव में सराहनीय हैं और समाज के अन्य लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे प्रयासों की निरंतरता अत्यंत आवश्यक है।

शुक्रवार को भारत हितैषी ने तरुण भंडारी से भेंट कर 23 फरवरी को सेक्टर-9 में आयोजित होने वाले मेडिकल जांच शिविर के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-4 (सेक्टर-9 एवं 10) के



निवासियों के लिए सोमवार को निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पंचकूला द्वारा अलकेमिस्ट हॉस्पिटल पंचकूला के सहयोग से लगाया जा रहा है।

कैंप का आयोजन आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-9, पंचकूला परिसर में प्रातः 10ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित परती मरीजों की जांच करेंगे। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग संबंधी परामर्श के साथ-साथ बी.पी. की जांच तथा आवश्यकता अनुसार ई.सी.जी. टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे। विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव, जीवनशैली में सुधार तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

तरुण भंडारी ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोगों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आमजन को प्रारंभिक स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समय रहते रोग की पहचान कर उपचार शुरू किया जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी साथ लेकर आएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों को अपने घर के नजदीक ही विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श और जांच सुविधाएं मिल सकें।

# भाई दीपक गर्ग ने वरिष्ठ संघ प्रचारक डा. इंद्रेश कुमार से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा हरियाणा के सह-मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रभारी डॉ. इंद्रेश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह मुलाकात आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक विषयों और वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। दीपक गर्ग ने डॉ. इंद्रेश कुमार के दीर्घ सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य,



दीर्घायु और निरंतर सक्रिय जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन समाज और संगठन को निरंतर नई दिशा देता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. इंद्रेश कुमार ने शुभकामनाओं के लिए दीपक गर्ग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के कार्य में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और युवा शक्ति ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

मीटिंग | आयुक्त एवं सचिव जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

# उपायुक्तों को समाधान शिविर में आई समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 20 फरवरी।** आयुक्त एवं सचिव जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग श्री मोहम्मद शाईन ने चंडीगढ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर में आई समस्याओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने सभी उपायुक्तों को गंभीरता से व बिना विलंब के समाधान शिविर की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने आयुक्त एवं सचिव को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है व शेष बची समस्याओं का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा।




उपायुक्त ने इसके उपरांत लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने समाधान शिविर, सीपी ग्राम, जनसंवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी की लंबित शिकायतों की समीक्षा की और जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिलावासी अपनी समस्या के समाधान के लिए परेशान न हों। इस कार्य में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नही किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर हर जिले में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिलावासियों की समस्याओं का समाधान करना सभी अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मामले में कोताही की गुंजाईश नहीं है।

इस अवसर पर एसडीएम कालका संयम गर्ग, नगराधीश जागृति, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, जिला बागवानी अधिकारी अशोक कौशिक, तहसीलदार कालका विवेक गोयल, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन जसमेर बंजारा, सत्यवान भारद्ववाज, पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा, डीपीओ सविता नेहरा, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पंजाब में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 96 अफसरों का तबादला, 9 आईएएस और 87 पीसीएस शामिल; विवेक मोदी बने बरनाला के एडीसी

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 96 अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। इनमें 9 आईएएस और 87 पीसीएस अधिकारी शामिल हैं।

आदेशों के अनुसार, आईएएस राजदीप सिंह बराड़ को अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) बठिंडा तथा अतिरिक्त मुख्य प्रशासक, बठिंडा विकास प्राधिकरण नियुक्त किया गया है। वहीं आईएएस रुबिंदरजीत सिंह बराड़ को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पंजाब ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन के साथ-साथ अतिरिक्त सचिव (एनआरआई मामले) और अतिरिक्त सचिव (स्थानीय सरकार) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आईएएस दिव्या पी को अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) जालंधर, आईएएस विवेक कुमार मोदी को अतिरिक्त उपायुक्त बरनाला, आईएएस कृष्ण पाल राजपूत को अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) तथा आईएएस डी गोयल को अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) नियुक्त किया गया है। सरकार द्वारा जारी सूची में बड़ी संख्या में पीसीएस अधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं। चंडीगढ़ से जारी आदेशों के अनुसार सरकार प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लगातार तबादले कर रही है।

### इस साल तीसरी बार तबादले

राज्य में वर्ष 2026 के दौरान यह तीसरा प्रशासनिक फेरबदल है।

16 फरवरी 2026 : आईएएस गिरीश दयालन को मार्कफेड का अतिरिक्त प्रबंध निदेशक तथा पंजाब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड का निदेशक बनाया गया, जबकि आईएएस प्रीति यादव को विशेष सचिव, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण नियुक्त किया गया।

14 फरवरी 2026 : 2 आईएएस और 6 पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए, जिनमें आईएएस सोनाली गिरी को प्रशासनिक सचिव, स्कूल शिक्षा लगाया गया।

21 जनवरी 2026 : बड़े फेरबदल में 20 आईएएस और 6 पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ था, जिसमें कई जिलों के डिप्टी कमिश्नर बदले गए थे।

2,000 से अधिक सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने वाले पंजाब के पहले शिक्षा मंत्री बने हरजोत सिंह बैंस

# बच्चों को सही तरीके से न पढ़ाने वाले शिक्षकों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: हरजोत सिंह बैंस

पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर।** पंजाब में शिक्षा सुधारों की श्रृंखला में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने राज्य की सरकारी शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने और इसके सुधार से संबंधित अपनी निरंतर मुहिम के हिस्से के रूप में आज सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झीता कलां का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान स. बैंस ने बताया कि उन्होंने पद संभालने से अब तक पंजाब भर के 2,000 से अधिक सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया है, जिसे उन्होंने राज्य के इतिहास में एक नया मानक करार दिया।

शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मैंने पद संभालने से लेकर राज्य भर के 2,000 से अधिक सरकारी स्कूलों का जमीनी स्तर पर दौरा करके नया रिकॉर्ड कायम किया है। यह पंजाब के इतिहास में पहली बार है जब किसी शिक्षा मंत्री ने शिक्षा प्रणाली की इतने बड़े स्तर पर जमीनी स्तर पर समीक्षा की है। उन्होंने आगे कहा कि इस मुहिम के तहत मैंने पठानकोट से फाजिल्का, फिरोजपुर से मोहाली तक कोई जिला नहीं छोड़ा है, जो राज्य के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रति मेरे जुनून को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पंजाब में लगभग 20,000 स्कूल हैं, जिनके जमीनी स्तर पर निरीक्षण के लिए मैं एक मिशन पर हूं।

स्टाफ और विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने स्कूल में शिक्षा और प्रबंधन के मानकों की समीक्षा की और 'समर्थ' कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन भी किया, जो प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ाई-लिखाई से संबंधित समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख पहल है। स. बैंस ने पद संभालने के समय सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली की स्थिति को याद करते हुए कहा कि प्राइमरी स्तर पर बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने या लिखने में असमर्थ थे। सीखने की खाई को भरने में इस पहल के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करते हुए वे जब ऐसे बच्चों से बात करते हैं, जो अक्षरों की पहचान



करने में संघर्ष से लेकर अब शब्दों और वाक्यों को आत्मविश्वास से पढ़ने तक प्रगति कर चुके हैं, तो उन्हें बहुत खुशी और संतुष्टि होती है।

स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि 'समर्थ' कार्यक्रम के माध्यम से हमने ऐसे बच्चों की पहचान करके उन पर काम किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाने वाले शिक्षक शानदार परिणाम दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली किसी भी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऐसी किसी भी लापरवाही के प्रति भगवंत मान सरकार की जीरो-टॉलरेंस नीति की पुष्टि करते हुए शिक्षा मंत्री ने चेतावनी दी कि अपनी जिम्मेदारियां निभाने में नाकाम रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षित और अनुकूल शिक्षा वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए कैबिनेट मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि 500 से अधिक विद्यार्थियों के दाखिले वाले सभी सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कैंपस मैनेजर और सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं।

यह कहते हुए कि गलत चीजें बहुत जल्दी वायरल हो जाती हैं, स. बैंस ने जनता और मीडिया से मेहनती और कुशल शिक्षकों के अच्छे कामों को भी साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि झीता कलां जैसे स्कूलों की अच्छी कार्यप्रणाली को अधिक से अधिक दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि हमने इस स्कूल के कैंपस और बुनियादी ढांचे में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्कूल शानदार परिणाम दे रहा है और यहां से एक विद्यार्थी ने जेईई पास किया है। विद्यार्थियों की हालिया परीक्षा कार्यप्रणाली और स्कूल में बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण कार्यों की सराहना करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने भगवंत मान सरकार की सरकारी स्कूलों में उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजाब शिक्षा क्रांति के तहत किए जा रहे शिक्षा सुधारों की रफ्तार को बनाए रखने के लिए चल रहे विकास प्रोजेक्टों को तेज किया जाए।

# पंजाब के स्कूलों में एआई क्रांति की तैयारी




**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** राज्य की शैक्षिक संरचना के भविष्य को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग का उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में शामिल हुआ। यहां उन्होंने राज्य के विशाल स्कूली ढांचे के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित विस्तृत संभावनाओं और शिक्षा के अधिक रचनात्मक परिणामों के लिए समाधान तलाशने हेतु विश्व-स्तरीय तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों और केंद्र सरकार के संस्थानों के साथ लगातार रणनीतिक विचार-विमर्श में भाग लिया।

प्रदर्शनी हॉलों के व्यापक दौरे के दौरान, जिसमें उनके साथ स्कूल शिक्षा के सचिव सोनाली गिरि, पी.एस.ई.बी. के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह और डी.जी.एस.ई. श्री अरविंद भी मौजूद थे, शिक्षा मंत्री ने गूगल, डेलॉइट, इंटेल, ओपन एआई, एनवीडिया और डेल सहित प्रमुख विश्व तकनीकी कंपनियों के साथ बातचीत की।

पंजाब राज्य सूचना आयोग ने पंजाबी भाषा की महत्ता को दर्शाता साहित्यिक ब्रोशर जारी

# हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है मातृभाषा, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग: हरप्रीत संधू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026, जो हर वर्ष 21 फरवरी को मनाया जाता है, की महत्ता को मान्यता देते हुए और मातृभाषा पंजाबी को और अधिक प्रफुल्लित करने के लिए पंजाब के मुख्य सूचना आयुक्त इंद्रपाल सिंह धन्ना द्वारा राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, डॉ. भूपिंदर सिंह बाथ, संदीप सिंह धालीवाल, पूजा गुप्ता तथा डी.के. तिवारी (आई.ए.एस.), अतिरिक्त मुख्य सचिव पंजाब सरकार की उपस्थिति में, आज यहां पंजाबी मातृभाषा को दर्शाता एक साहित्यिक ब्रोशर जारी किया गया।

यह साहित्यिक ब्रोशर राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा लिखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026 के थीम ''बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की आवाज'' को उजागर करते हुए समाज में मातृभाषा ''पंजाबी'' को



मान्यता देने और उसकी शान बहाल करने की आवश्यकता पर जोर देता है।

पंजाब सूचना आयोग मुख्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान पंजाब राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू ने बताया कि उन्होंने यह पिक्टोरियल (तस्वीरों सहित) ब्रोशर नेल्सन मंडेला द्वारा कही गई प्रसिद्ध उक्ति से प्रेरित होकर तैयार किया है, ''यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं जिसे वह समझता है, तो शब्द उसके दिमाग में जाते हैं, लेकिन यदि आप उससे उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वे उसके दिल तक पहुंचते हैं।'' ताकि मातृभाषा पंजाबी की शानदार विरासत को और अधिक प्रफुल्लित किया जा सके।

राज्य सूचना आयुक्त पंजाब ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026 का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी ज?ों से जोड़कर मातृभाषा को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी, पंजाब, डी.के. तिवारी ने हरप्रीत संधू द्वारा तैयार साहित्यिक ब्रोशर की प्रशंसा की और इसे पंजाबी भाषा के प्रचार के लिए सार्थक प्रयास बताया।

इस दौरान राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, डॉ. भूपिंदर सिंह बाथ, संदीप सिंह धालीवाल तथा पूजा गुप्ता ने भी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की महत्ता पर अपने विचार साझा किए, क्योंकि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान और विरासत की आत्मा है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और हमारे इतिहास तथा रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाती है। राज्य सूचना आयुक्तों ने कहा कि अपनी मातृभाषा को संभालकर और उत्साहित करके, हम न केवल अपनी विरासत का सम्मान करते हैं बल्कि मानवता की विविधता और एकता में भी योगदान डालते हैं।

# गैंगस्टरां ते वार: एक महीने में 10 हजार से अधिक व्यक्ति 205 हथियारों सहित गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के एक महीना पूरा होने पर पंजाब पुलिस ने मुहिम की शुरुआत से अब तक पूरे राज्य में 32,342 छापेमारी करके गैंगस्टरों और उनसे जुड़े अपराधियों समेत 10,412 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक जंग है, जो 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। सभी जिलों की पुलिस टीमें गैंगस्टरों के साथियों से जुड़े पहचाने गए और मैप किए गए स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं। विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि पुलिस टीमों ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 205 हथियारों सहित 396 जिंदा कारतूस और 34 मैगजीन, 104 तेजधार हथियार और चार हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। इसके अलावा, 5,294 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई है, जबकि 10,090 व्यक्तियों की जांच की गई और पूछताछ के बाद छो? दिया गया। उन्होंने कहा कि मुहिम शुरू होने से अब तक पुलिस टीमों ने 664 भगो? अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 31वें दिन पुलिस टीमों ने 664 ठिकानों पर छापेमारी करके 198 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जबकि 100 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई और 18 भगोड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि लोग गुप्त रूप से वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर-93946-93946 के माध्यम से रिपोर्ट कर सकते हैं और किसी भी प्रकार के अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना/जानकारी भी साझा की जा सकती है।

# महिलाओं की दो दिवसीय नॉर्थ जोन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

**अमृतसर, 20 फरवरी।** पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के साइक्लिंग वेलोड्रोम में खेलो इंडिया योजना के तहत दो दिवसीय अस्मिता वीमेन साइक्लिंग लीग नॉर्थ ज़ोन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई।

इस दौरान उत्तर भारत के आठ राज्यों की लगभग 400 महिला साइकिल खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नॉर्थ ज़ोन प्रभारी एवं सहायक सचिव श्री नीरज तंवर की निगरानी में यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित की गई। नीरज तंवर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए फेडरेशन के चेयरमैन ओंकार सिंह और महासचिव मनिंदरपाल सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ की विभिन्न वर्गों की विजेताओं को पदक एवं कुल 3,45,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

सब-जूनियर वर्ग की स्क्रैच रेस एवं केरिन रेस में पंजाब की अंजली जाखड़, तरुण कुमारी और पलकप्रीत कौर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर महिला वर्ग की 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में पंजाब की पलकप्रीत कौर ने स्वर्ण, जपनीत कौर ने रजत तथा अंजली ने कांस्य पदक हासिल किया। इसी वर्ग की केरिन एवं स्क्रैच रेस में पंजाब की हरिस्ता जाखड़ ने प्रथम, सुहानी ने द्वितीय तथा हरियाणा की भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला एलीट वर्ग की 10 किलोमीटर स्क्रैच रेस में पटियाला की रजिया देव, चैनिका गंगोई और सिया लालवानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसी वर्ग की केरिन रेस में पंजाब की रजिया देव ने स्वर्ण, चैनिका गंगोई ने रजत तथा संतोषी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. कंवर मनदीप सिंह जिमी ढिल्लों ने साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से महिला खेल क्षेत्र को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लड़कियों की भागीदारी खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने विश्वविद्यालय के साइक्लिंग वेलोड्रोम से संबंधित कुछ मांगें भी फेडरेशन के समक्ष रखीं और कहा कि यदि इन मांगों को पूरा किया जाता है तो वेलोड्रोम की कार्यक्षमता और भी बेहतर हो जाएगी।

# राजपुरा में स्टील क्षेत्र के लिए 1500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और बिजली मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज मुंबई में प्रमुख उद्योगपति एवं सज्जन जिंदल, चेयरमैन, JSW Group से महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पंजाब इन्वेस्ट के सीईओ अमित ढाका भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सज्जन जिंदल ने राजपुरा में इस्पात क्षेत्र में 1,500 करोड़ के निवेश की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि JSW समूह पंजाब में अपने विविध व्यवसायिक क्षेत्रों में अतिरिक्त निवेश की संभावनाओं का अन्वेषण करेगा। प्रस्तावित निवेश से राज्य के विनिर्माण आधार को मजबूती मिलेगी, इस्पात मूल्य श्रृंखला गहरी होगी तथा क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे।



जिंदल ने 13 मार्च को Plaksha University में आयोजित होने वाले इन्वेस्ट पंजाब समिट के उद्घाटन सत्र में अपनी उपस्थिति की भी पुष्टि की। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे उद्योग-अनुकूल वातावरण और सक्रिय औद्योगिक पहुँच प्रयासों की सराहना की।

मंत्री संजीव अरोड़ा ने पंजाब की मजबूत औद्योगिक नींव को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य उत्तरी बाजारों से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, सशक्त एमएसएमई तंत्र, कुशल मानव संसाधन तथा इस्पात, ऑटो कंपोनेंट्स, वस्त्र, खेल सामान, खाद्य प्रसंस्करण और लाइट इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में विकसित औद्योगिक क्लस्टरों से युक्त है। उन्होंने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों में पंजाब को लगातार टॉप अचीवर के रूप में मिली मान्यता तथा समयबद्ध स्वीकृतियों के लिए प्रगतिशील सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली का भी उल्लेख किया। मंत्री ने जानकारी दी कि पंजाब सरकार नई, सुदृढ़ एवं भविष्य उन्मुख औद्योगिक नीति को अंतिम रूप देने के उन्नत चरण में है, जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी आधारित निवेश को प्रोत्साहित करना है। यह नीति प्रतिस्पर्धी वित्तीय प्रोत्साहन, प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक अवसंरचना, क्षेत्र-विशिष्ट पार्क, त्वरित स्वीकृतियाँ, बेहतर लॉजिस्टिक्स दक्षता तथा रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, उन्नत सामग्री, नवीकरणीय ऊर्जा और उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए मजबूत नीति समर्थन पर केंद्रित होगी। मूल्य संवर्धित विनिर्माण को बढ़ावा देने, निर्यात में वृद्धि तथा पंजाब के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# जीरकपुर में ऑनलाइन सट्टा गिरोह पर छापा, तीन के खिलाफ केस दर्ज

पंचकूला ऑब्जर्वर

**जीरकपुर।** थाना जीरकपुर पुलिस ने क्रिकेट मैच के नाम पर ऑनलाइन सट्टा लगवाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को तड़के करीब 2¬30 बजे पटियाला चौक पर गश्त के दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि फ्लैट नंबर 441, ब्लॉक डी-3, छठी मंजिल, पैटां हैम्स, जीरकपुर में कुछ लोग आम लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर ऑनलाइन स्टे के नाम पर पैसे अपने खातों में ट्रांसफर करवाकर हड़प रहे हैं।

सूचना को पुख्ता मानते हुए एएसआई गुरनाम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की तैयारी की। आरोपियों की पहचान मुहम्मद शाह आलम, मुहम्मद शाह नवाज समसी और करण गौरव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद होने की संभावना जताई गई है, जिनके जरिए लोगों को झांसे में लिया जाता था।

इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं 3 और 4 व भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# 8 नव-नियुक्त क्लर्कों को डॉ. बलजीत कौर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज पंजाब सिविल सचिवालय में अपने कार्यालय कक्ष में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग में पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किए गए 8 नव-नियुक्त क्लर्कों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मंत्री ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्हें लोक-हित में अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी और तनदेही से निभाने की अपील की।

मंत्री ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण सेवाओं से जुड़ा हुआ है। इसलिए हर



कर्मचारी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कर्मचारियों का समर्पण भाव से काम करना बहुत जरूरी है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा सभी नियुक्तियां पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित तरीके से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता युवा वर्ग को रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें आत्म-निर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि अब तक पंजाब सरकार द्वारा लगभग 64,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं, जो युवा रोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी किसी भी विभाग की रीढ़ की हड्डी होते हैं और उनके द्वारा ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया गया काम ही सरकारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचाता है। इसलिए हर कर्मचारी का योगदान राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पारदर्शी, लोक-हितैषी और युवा-केंद्रित नीतियों के माध्यम से रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिससे एक तरफ परिवारों को आर्थिक सहारा मिल रहा है और दूसरी तरफ सरकारी विभागों की कार्यक्षमता और मजबूत हो रही है। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर श्री अमरजीत सिंह भुल्लर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मान सरकार किसानों को बीज से बाजार तक पूरा सहयोग दे रही है: मोहिंदर भगत

**चंडीगढ़।** पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने शुक्रवार को कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार किसानों की आय में वृद्धि करने और बागवानी को लाभकारी बनाने के लिए किसानों को बीज से लेकर बाजार तक हर स्तर पर पूर्ण सहयोग उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली बीज सामग्री, तकनीकी सलाह, आधुनिक खेती के तरीके और मजबूत बाजार लिंकेज उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा लगातार काम किए जा रहे हैं। बागवानी मंत्री श्री भगत ने कहा कि सरकार की किसान-पक्षीय नीतियां और हर स्तर पर पूर्ण सहयोग किसानों को पारंपरिक फसलों के चक्र से बाहर अधिक मूल्य वाली बागवानी फसलों की ओर प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि फल, सब्जियां और अन्य उच्च मूल्य वाली फसलें किसानों



के लिए अधिक लाभदायक साबित हो रही हैं। इसके साथ ही पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट, कोल्ड चेन, पैकहाउस और प्रोसेसिंग सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि किसानों को अपनी फसल का बेहतर मूल्य मिल सके। मंत्री ने कहा कि फसलों की विविधता समय की आवश्यकता है और इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि मिट्टी की सेहत और भूजल की संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## एक नजर

### हरियाणा का बजट 2 मार्च को होगा पेश, कई योजनाओं का विस्तार कर सकती है भाजपा सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। यह 18 मार्च तक चलेगा। सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुई। वहीं, विपक्ष ने सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। हरियाणा सरकार के अनुसार, सदन की कार्यवाही में पहले दिन शोक प्रस्ताव के जरिए दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। बजट सत्र की कार्यवाही में 21 और 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। इसके बाद 23 फरवरी को सदन 2 बजे शुरू होगा और 24 से 27 फरवरी तक सत्र की बैठकें सुबह 11 बजे शुरू होंगी। 27 फरवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्यपाल के अभिभाषण का जवाब देंगे, जबकि 2 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। इसके साथ ही कई दिन चर्चा के बाद प्रस्ताव पर वोटिंग होगी, जबकि 17 मार्च को बजट एस्टीमेट पर वोटिंग होगी। वहीं, बजट सत्र से पहले गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई थी। नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ सभी विधायकों ने हिस्सा लिया था। बैठक के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था कि बजट सत्र के दौरान सरकार को घेरने के लिए सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई है। प्रदेश में ऐसे कई ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनके ऊपर कांग्रेस स्थगन प्रस्ताव देकर चर्चा की मांग करेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 17 मार्च 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2.5 लाख करोड़ का बजट पेश किया था, जो 2024-25 से वर्ष से 13.7त्न अधिक था। इस बार बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कई नई योजनाओं की भी घोषणा करने के साथ पुरानी योजनाओं का विस्तार कर सकते हैं। सरकार लाडो लक्ष्मी योजना की पारिवारिक आय की सीमा भी बढ़ा सकती है।

### 21 व 22 फरवरी को अवकाश के दिनों में खुला रहेगा बोर्ड कार्यालय

**भिवानी.** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाएं 25 फरवरी, 2026 से आरम्भ हो रही हैं। सभी पात्र परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक 17 फरवरी, 2026 से बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो0(डॉ0) पवन कुमार, उपाध्यक्ष श्री सतीश शाहपुर एवं सचिव श्री मुनीश शर्मा, भा.प्र.से. ने आज यहां संयुक्त रूप से बताया कि जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र के विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तथा जिन विद्यालयों/परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक किसी कारणवश रोके गये हैं, ऐसे परीक्षार्थी/विद्यालय मुखिया 21 व 22 फरवरी, 2026 को अवकाश के दिनों में भी बोर्ड कार्यालय में सम्बन्धित शाखाओं में मूल रिकार्ड व सत्यापित प्रति सहित उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा करवाते हुए विवरणों में शुद्धि करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सूचित किया जाता है कि परीक्षाएं आरंभ होने उपरान्त फोटो व हस्ताक्षर सम्बन्धी शुद्धियां नहीं की जाएंगी। इन दिनों में बोर्ड कार्यालय की सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) शाखाएं प्रातः 10ः00 बजे से सांय 04ः00 बजे तक खुली रहेंगी। ऐसे परीक्षार्थी एवं विद्यालय सम्बन्धित दस्तावेज लेकर बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर आ सकते हैं।

### वृंदावन की पावन धरा पर जुटेगा हरियाणा का अग्रवाल वैश्य समाज

**चरखी दादरी।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की प्रदेश स्तरीय आमसभा की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के मार्गदर्शन में भगवान श्री कृष्ण की पावन भूमि वृंदावन दिल्ली श्री धाम रूक्मणी विहार में आयोजित की जा रही है। चरखी दादरी निवासी अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक का मुख्य एजेंडा संस्था के नौवें द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराना है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव पदों का निर्वाचन प्रदेश में नेतृत्व को नई ऊर्जा देने के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए सफीदों निवासी अनुभवी वरिष्ठ अधिवक्ता एम पी जैन को नियुक्त किया गया है। गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में संस्था के पचास हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। इस आम सभा की बैठक में शामिल होने के लिए सभी प्रदेश स्तर जिला स्तर व विधानसभा क्षेत्र से पदाधिकारी और प्रतिनिधि वृंदावन बैठक में शिरकत करेंगे। जिससे यह आयोजन एक लघु हरियाणा का स्वरूप लेगा। बैठक में ऊर्जावान नेतृत्व प्रदान करने के साथ-साथ भावी रणनीतियों, समाज के उत्थान के लिए राजनीति में भागीदारी बढ़ाने व आगामी जनहित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बैठक नहीं अपितु समाज की एकता और संकल्प का संगम है। श्री कृष्ण की क्रीड़ास्थली पावन धरा वृंदावन की ऊर्जा व बांके बिहारी जी का आशीर्वाद,हमारे निर्णय को और अधिक सार्थक बनायेगा। प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने बताया कि बैठक के साथ-साथ हरियाणा के कोने-कोने से आए हुए हजारों पदाधिकारीयों का आध्यात्मिक मिलन भी होगा, सामूहिक रूप से विश्व विख्यात बांके बिहारी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना का कार्यक्रम भी रखा गया है। इसके अतिरिक्त निधिवन व वृंदावन के दर्शनीय स्थलों व अन्य मंदिरों के दर्शन कर समाज की उन्नति, सामाजिक एकता व समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाएगी। आगामी ये चुनाव संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करेंगे। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रवि गर्ग बधवानिया ने बताया कि प्रदेश भर काफ़ी संख्या मे युवा पदाधिकारी व सदस्य बैठक में सहभागिता करने के लिए वृंदावन पहुंच रहे हैं।

### सहकारी समिति के सैल्समैन को 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**रोहतक।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ष्टक्च), रोहतक की टीम ने सहकारी समिति गांव भैंसवाल कालां में कार्यरत सैल्समैन सुभाष (56 वर्ष, निवासी कटवाल, सोनीपत) को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता, जो खेतीबाड़ी का कार्य करते हैं, ने बताया कि उनके पास लगभग 3 एकड़ भूमि है और उन्होंने सहकारी समिति से एमसीएल कार्ड बनवाया है, जिसकी ऋण सीमा 60,000 रुपये थी। उन्होंने सीमा बढ़वाने का प्रयास किया, जिसके लिए 17 फरवरी 2026 को सैल्समैन सुभाष ने 15,000 रुपये की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद रिश्वत 10,000 रुपये में तय हुई। शिकायत मिलने पर निरीक्षक जगजीत सिंह के नेतृत्व में रेडिंग टीम ने सुभाष को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से बरामद राशि को जब्त किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। डॉ. ए.एस. चावला, निदेशक, हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और दोषी किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 या हेल्पलाइन 1064 पर दें।

# राजनीतिक हताशा में आरोपों की राजनीति कर रहा विपक्ष : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## ■ अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ व्यापार से किसानों और उद्योग को लाभ

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब कोई राजनीतिक दल जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता खोने लगता है तो वह मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए आरोपों की राजनीति करता है। पंजाब में भाजपा की बढ़ती सक्रियता और जनसमर्थन को देखते हुए लगाए जा रहे तथाकथित ऑपरेशन लोट्स जैसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं और राजनीतिक हताशा का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री वीरवार को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि जनता स्वयं तुलना कर रही है और विकल्प तलाश रही है तो इसका दोष किसी अन्य पर नहीं डाला जाना चाहिए। पंजाब की जनता अब शांति और विकास चाहती है और यह केवल भाजपा ही दे सकती है। जैसे हरियाणा विकास के पथ पर अग्रसर है, वैसे ही पंजाब भी बदलाव के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने एमएसपी खरीद के मुद्दे पर विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि आंकड़ों के साथ चर्चा हो तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि किसान धरनों पर बैठा रहे, जबकि हमारी सरकार चाहती है कि किसान खेती कर देश और प्रदेश को खुशहाल बनाए । 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद पूरे देश में एक रिकॉर्ड है, यह कोई जुमला नहीं बल्कि हकीकत है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील से देश के किसानों को लाभ होगा। हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्य के किसान बासमती चावल, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और प्रोसेस्ड फूड के लिए अमेरिकी बाजार तक पहुंच बना सकेंगे। साथ ही यूरोपीय संघ के साथ टैक्टाइल, ऑटोमोबाइल और हैवी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने के अवसर मिलेंगे, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

बुजुर्गों की पेंशन काटे जाने के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष संवेदनशील विषय पर झूठ और भ्रम फैलाकर सस्ती लोकप्रियता लेना चाहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन दो लाख मामलों का उल्लेख किया जा रहा है, उनमें से 1 लाख तीन हजार से अधिक मामलों में लाभार्थियों का निधन हो चुका था। लगभग 37 हजार मामलों में आयु गलत दर्ज करवाई गई थी और 39 हजार मामलों में सत्यापन लंबित था। दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1992 में कांग्रेस सरकार ने 10 हजार रुपये आय सीमा निर्धारित की थी, जो 2009 तक नहीं बढ़ाई गई। हमारी सरकार ने वर्ष 2023 में आय सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख की, जिससे लाभार्थियों की संख्या 17 लाख 98 हजार तक पहुंची और आज 20 लाख से अधिक बुजुर्ग पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो शासन में पेंशन 200 रुपये और कांग्रेस के 10 वर्षों में 700 रुपये बढ़ी, जबकि हमारी सरकार ने 11 वर्षों में 2200 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि की है। एचपीएससी भर्ती पर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए नौकरियों के लिए भरती की जा रही है पूर्व की सरकारों की पर्ची खर्ची की नीति को खत्म कर मेरिट को आधार बनाकर भरती की जा रही हैं भर्ती का आधार मैरिट ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी सार्वजनिक मंचों से हरियाणा की पारदर्शी भर्ती प्रणाली की सराहना करते हैं और अन्य राज्यों में हरियाणा का उदाहरण दिया जाता है।

## ठप्प सीवरेज लाइन की सफाई की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



**भिवानी.** जन संघर्ष समिति भिवानी की ओर से हालवास गेट के सामने पहली गली में काफी दिनों से ठप्प पड़ी सीवरेज लाइन की सफाई की मांग को लेकर गलि वासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया ।

जन संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओम प्रकाश व सदस्य सुखदेव पालवास ने कहा कि इस गली के निवासी पिछले दो वर्ष से परेशान हैं , क्योंकि गली में पुरानी सीवरेज लाइन है और गली नीची है , आगे हालवास गेट पर बड़ी लाईन में कोई बंद लगा हुआ है , उसकी वजह से सीवरेज लाईन में गंदगी रुकी हुई है । कामरेड ओम प्रकाश ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क किया , तो उन्होंने कहा कि सम्बन्धित एसडीओ व जेई से सम्पर्क करना पड़ेगा । इस गली में पहले भी कई बार सीवरेज ओवरफलो हो चुका है , स्थायी समाधान नहीं हो रहा है । गली वासी गली में गंदा पानी ठहरने व बदबू मारने से परेशान हैं । गौर तलब है कि पिछले दिनों हल्के के विधायक घनश्याम सर्राफ व नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने भी गली का दौरा करके गलिवासियों को आश्वासन दिया था कि सीवरेज की नई लाईन डलवाकर गली को उंचा उठाया जाएगा , इसके लिए गली में नारियल तोड़कर गली निर्माण की ईंट भी रखी गई थी । यह कहना है गलिवासियों का कि उसके बाद उन दोनों जन प्रतिनिधियों ने गली की सुद्ध नहीं ली । गौर तलब है कि पिछले दिनों भी जन संघर्ष समिति ने प्रदर्शन करके एक बार सीवरेज की सफाई करवाई थी , निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने पर फिर सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर गली में खड़ा है । आने जाने में नागरिकों को भारी परेशानी होती है । आज के प्रदर्शन में कविता , कमला , बीरमति , चन्दर , लक्ष्मी , बबली , राजपति , ममता , सीता , अनिता , केला , राहुल कांटिवाल , इन्दर , सोनू , गीतांजति , निषा , कृष्णा , रीना व बाला शामिल थी ।

हालवास गेट के सामने पहली गली में ठप्प सीवरेज लाइन की सफाई की मांग को लेकर जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में गलि वासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध किया प्रदर्शन। भिवानी 19 फरवरी , 2026 जन संघर्ष समिति भिवानी की ओर से हालवास गेट के सामने पहली गली में काफी दिनों से ठप्प पड़ी सीवरेज लाइन की सफाई की मांग को लेकर गलि वासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया । जन संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओम प्रकाश व सदस्य सुखदेव पालवास ने कहा कि इस गली के निवासी पिछले दो वर्ष से परेशान हैं , क्योंकि गली में पुरानी सीवरेज लाइन है और गली नीची है , आगे हालवास गेट पर बड़ी लाईन में कोई बंद लगा हुआ है , उसकी वजह से सीवरेज लाईन में गंदगी रुकी हुई है । कामरेड ओम प्रकाश ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क किया , तो उन्होंने कहा कि सम्बन्धित एसडीओ व जेई से सम्पर्क करना पड़ेगा । इस गली में पहले भी कई बार सीवरेज ओवरफलो हो चुका है , स्थायी समाधान नहीं हो रहा है । गली वासी गली में गंदा पानी ठहरने व बदबू मारने से परेशान हैं । गौर तलब है कि पिछले दिनों हल्के के विधायक घनश्याम सर्राफ व नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने भी गली का दौरा करके गलिवासियों को आश्वासन दिया था कि सीवरेज की नई लाईन डलवाकर गली को उंचा उठाया जाएगा , इसके लिए गली में नारियल तोड़कर गली निर्माण की ईंट भी रखी गई थी । यह कहना है गलिवासियों का कि उसके बाद उन दोनों जन प्रतिनिधियों ने गली की सुद्ध नहीं ली । गौर तलब है कि पिछले दिनों भी जन संघर्ष समिति ने प्रदर्शन करके एक बार सीवरेज की सफाई करवाई थी , निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने पर फिर सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर गली में खड़ा है ।

### पशुओं के पॉलिक्लिनिक एवं अस्पतालों के लिए आधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी : श्याम सिंह राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पशुओं के पॉलिक्लिनिक एवं अस्पतालों के लिए आधुनिक मशीनें खरीदी जाएंगी ताकि पशुपालकों के पशुधन का सस्ते में ईलाज हो सके। उन्होंने बताया कि आज हाई पावर्ड परचेज कमेटी में गैस एनेस्थीसिया मशीन , अल्ट्रासाउंड मशीन, ब्लड टेस्ट उपकरण तथा बायो सेफ्टी लैब्स लेवल - 2 स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमेटी के सदस्य हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी उपस्थित थे। इनके अलावा , पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया , महानिदेशक डॉ प्रेम सिंह , संयुक्त निदेशक डॉ सुखदेव राठी , आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक पंकज , वित्त विभाग के विशेष सचिव डॉ जय इंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि हाई पावर्ड परचेज कमेटी में प्रदेश में पशुओं के ईलाज के लिए स्थापित पॉलीक्लिनिकों हेतु गैस एनेस्थीसिया मशीन खरीदने की मंजूरी दी गई है। इससे डॉक्टरों को पशुओं की सर्जरी करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि पशुओं के इलाज (सर्जरी) में गैस एनेस्थीसिया मशीन इंजेक्टेबल की तुलना में अधिक सुरक्षित है, जो सटीक खुराक, तेज़ रिकवरी और बेहतर नियंत्रण प्रदान करती है। यह ऑक्सीजन के साथ मिलकर काम करती है, जिससे पशुओं के हृदय और अन्य अंगों पर दबाव कम प ?ता है। यह प्रणाली दर्द प्रबंधन और छोटे-बड़े जानवरों के लिए अत्यंत विश्वसनीय है। उन्होंने आगे बताया कि हिसार , रायपुररानी तथा सोनीपत में बायो सेफ्टी लैब्स लेवल - 2 स्थापित की जाएंगी। पशुओं में मध्यम जोखिम वाली बीमारियों की जांच के लिए उक्त लैब का उपयोग किया जाता है। यह लैब मानव/पशु स्वास्थ्य के लिए मध्यम-जोखिम वाले संक्रामक एजेंटों के परीक्षण के लिए होती है, इसमें विशेष पीपीई , बायोसेफ्टी कैबिनेट और कीटाणुशोधन की सुविधा होती है, जो श्वसन या त्वचा के संपर्क से संक्रमण रोकती है। उन्होंने बताया कि बायो सेफ्टी लैब्स लेवल - 2 में पशुओं से इंसानों में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की जांच की जाती है ताकि इंसान बीमार पशुओं के सम्पर्क में आकर संक्रमित न हों और वे सुरक्षित रह सकें। श्याम सिंह राणा ने यह भी बताया कि पशुओं के ईलाज के लिए अल्ट्रासाउंड मशीने भी खरीदी जाएंगी।

## बीरेंद्र जालंधरा फाउंडेशन ने दूसरी पुण्यतिथि पर बीरेंद्र जालंधरा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की




**भिवानी.** बीरेंद्र जालंधरा फाउंडेशन के सदस्यों ने स्वर्गीय बीरेंद्र जालंधरा जी की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर भारत सरकार में वरिष्ठ अधिकारी विजेंद्र कुमार जी ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीरेंद्र जालंधरा जी अत्यंत कर्मठ, जुझारू एवं समर्पित समाजसेवी थे। उनके साथ कार्य करने का अनुभव प्रेरणादायक रहा है। आज हम सभी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

फाउंडेशन के संस्थापक विशाल जालंधरा ने कहा कि हम अपने पिता जी के सिद्धांतों और मूल्यों को ही अपना मार्गदर्शन मानते हैं। उन्हीं की प्रेरणा से हम समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और आगे भी उनके बताए रास्ते पर चलते रहेंगे। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष संतोष देवी, सह-संस्थापक हिमांशु जालंधरा, पूर्व नगर परिषद चेयरमैन राजकुमार तंवर, तिगड़ाना के पूर्व सरपंच राजकुमार, प्राध्यापक राजेश मुंढाल, दिनेश वर्मा, आशीष प्रजापति, सुमन माला, भूप सिंह प्रजापति, जितेंद्र भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## किसान उठाएं पीएम फसल बीमा योजना का लाभ




**भिवानी.** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन पंचायत भवन के सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ विनोद फोगाट ने की। उन्होंने किसानों को उनकी फसल बीमा योजना के दस्तावेज भेंट किए। कार्यक्रम में डॉ. फोगाट ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस योजना से किसानों को उनकी फसल सुरक्षा मिलती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत फसल खराब होने पर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे उनकी आय सुरक्षित रहती है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाएं और समय पर पंजीकरण कराएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि फसल बीमा योजना से उन्हें कठिन समय में सहारा मिलेगा। किसानों को कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा सहित किसान कल्याण की अनेक योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। किसानों को योजना के लाभ, बीमा क्लेम प्रक्रिया और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मिलने वाली सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### एसजीटीयू में कैडेवर रिसीविंग समारोह का आयोजन

# सेवा व मानवता के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक है शरीर दान : डॉ नासा



**भिवानी.** देश की प्रतिष्ठित गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) की फैकल्टी ऑफ इंडियन मेडिकल सिस्टम (एफआईएमएस) ने चिकित्सा जगत में नई रिसर्च के लिए किए जाने वाले शरीर दान को सम्मान देने के लिए कैडेवर रिसीविंग समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रो वाइस-चांसलर, प्रो. (डॉ.) अतुल नासा, एफआईएमएस के डीन प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन डॉ. विद्यावती वी. हिरेमथ और एसजीटी आयुर्वेद अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. प्रवीण चौधरी सहित संकाय, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। इस मौके पर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से एक कैडेवर प्राप्त किया गया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजन के साथ हुई, जिसे सहायक प्रोफेसर व्यास ने संपन्न कराया। डॉ. अभिलाषा भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर, विभाग रचना शरीर ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया और डॉ. जगजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर, विभाग रचना शरीर ने सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं गरिमा और संजीदगी के साथ संपन्न हों। सभा को संबोधित करते हुए डीन ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में कैडेवर ही आद्य गुरु है- पहला शिक्षक जो छात्रों को मानव शरीर की जटिलताओं को समझने में मार्गदर्शन करता है। प्रो. (डॉ.) अतुल नासा ने यह भी कहा कि शरीर दान सेवा और मानवता के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक है। कैडेवरिक शपथ प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार शर्मा द्वारा ग्रहण कराई गई, जिसके बाद संकाय और छात्रों ने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली कि वे कैडेवर और चिकित्सा पेशे के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और नैतिक जिम्मेदारी बनाए रखेंगे। समारोह में भारत की समृद्ध चिकित्सा परंपरा का भी स्मरण किया गया, जिसमें शल्य चिकित्सा के पिता सुश्रुत का उल्लेख हुआ, जिन्होंने कैडेवर का विवेचन करने के महत्व पर जोर दिया। दानकर्ता और उनके परिवार का सम्मान करने हेतु एक मिनट का मौन रखा गया, उसके बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों, संकाय और छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम के माध्यम से एफआईएमएस ने करुणा, नैतिक अभ्यास और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, महादान की भावना और चिकित्सा शिक्षा की स्थायी विरासत का सम्मान किया।

## 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर अनुपम खेर की नई अनाउंसमेंट, ओटीटी पर जल्द रिलीज होगी फिल्म



'आइकॉनिक गोल्ड अवॉर्ड' में फिल्मी और टीवी जगत के सितारों को सम्मानित किया गया। हिंदी सिनेमा में 550वीं फिल्म कर रहे अनुपम खेर को अपनी सबसे खास फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड से नवाजा गया। अब उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की है। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि उनके द्वारा निर्देशित की गई फिल्म को इतना सम्मान मिल रहा है, हालांकि खुद अभिनेता ने फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है। अनुपम खेर द्वारा निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को पहले भी बहुत सारे अवॉर्ड मिल चुके हैं। अब फिल्म के खाते में 'आइकॉनिक गोल्ड अवॉर्ड' का नाम भी जुड़ गया है। इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान मिला है और फिल्म में तन्वी का रोल प्ले करने वाली अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। 'तन्वी द ग्रेट' अभिनेता के करियर की सबसे खास फिल्म है क्योंकि फिल्म की कहानी उनकी भांजी से प्रेरित है, जो कि ऑटिज्म से पीड़ित है। अनुपम खेर ने कई बार अपनी भांजी को सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से मिलाया है। फैन उनके सिंगिंग टैलेंट को देखकर भी हैरान हैं। अभिनेता ने इसी कहानी को पर्दे पर 'तन्वी द ग्रेट' के जरिए पेश किया और फिल्म को डायरेक्ट भी किया। अभिनेता ने अवॉर्ड नाइट्स की फोटो पोस्ट की और अपनी खुशी को शब्दों में बयां करने की कोशिश भी की। उन्होंने लिखा, यह हम सभी के लिए एक बेहद खुशी का पल है, जिन्होंने साहस, अच्छाई और शांत शक्ति की इस कहानी पर विश्वास किया। पुरस्कार तो खूबसूरत होते हैं। लेकिन, असली मायने तो सफर के हैं। रिहर्सल, शंकाएं, आंसू, हंसी, और उस टीम का अटूट विश्वास, जो एक परिवार की तरह साथ खड़ी रही। अभिनेता ने कैप्शन में फिल्म की पूरी टीम चाहे वो पर्दे के सामने काम करने वाले कलाकार हों या फिर पर्दे के पीछे, सबको अवॉर्ड का हकदार बताया। अनुपम खेर का कहना है कि ये फिल्म सिर्फ एक शुरुआत है और सफर बहुत लंबा होना है। जैसे तन्वी ने लोगों के दिलों में जगह बनाई, वैसे ही कई और फिल्में भी पर्दे पर आएंगी। उन्होंने ये भी जानकारी दी कि फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। हालांकि प्लेटफॉर्म और रिलीज की डेट क्या होगी, यह तो आगे आने वाला समय ही बताएगा।

## आज के समय में प्यार की सबसे बड़ी चुनौती कम्युनिकेशन है : मृणाल ठाकुर



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने आज के दौर में प्यार को लेकर एक गहरी बात कही है। अपनी अपकमिंग फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि आज प्यार के लिए सबसे बड़ी चुनौती संवाद (कम्युनिकेशन) की कमी है। उनका मानना है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में इतने सारे ऑप्शन और तरीके होने के बावजूद रिश्ते कमजोर पड़ रहे हैं। मृणाल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बताया, आजकल प्यार में सबसे बड़ी समस्या कम्युनिकेशन है। बहुत सारे तरीके होने के कारण थकान हो जाती है। लोग बात करने की बजाय मैसेज या चैट पर निर्भर हो गए हैं, जिससे रिश्तों में गहराई कम हो गई है। उन्होंने कहा कि एक अभिनेत्री के तौर पर उन्हें कई बार ऐसे किरदार निभाने पड़ते हैं, जो मानसिक रूप से नकारात्मक या मुश्किल होते हैं। ऐसे में वह कोशिश करती हैं कि अपने रोल या काम के प्रभाव को घर तक न ले जाएं, ताकि परिवार और पार्टनर के साथ उनका व्यवहार प्रभावित न हो। मृणाल ने पुराने दौर की रोमांटिक कहानियों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले प्यार में सादगी और इंतजार की खूबसूरती थी। उन्होंने अभिमन्यु दासानी की मां और अभिनेत्री भाग्यश्री के साथ बिताए समय का जिक्र किया। भाग्यश्री ने उन्हें अपनी लव स्टोरी सुनाई, जिसमें एक-दूसरे से मिलने या बात करने के लिए कितना इंतजार करना पड़ता था। उस समय पीसीओ पर फोन कॉल का इंतजार होता था, हफ्ते में एक कॉल की अहमियत होती थी। आज इतने सारे तरीके हैं कॉल, मैसेज, वीडियो कॉल हैं लेकिन फिर भी रिश्ते कमजोर और बिखरे हुए लगते हैं। पुराना सादा प्यार कहीं ज्यादा मजबूत और खूबसूरत था। 'दो दीवाने शहर में' फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, संदीपा धर और आयशा रजा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह रोमांटिक ड्रामा जी स्टूडियोज, भंसाली प्रोडक्शंस और रवि उदयवार फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म के निर्देशक और निर्माताओं में संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भारत कुमार रंगा शामिल हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट



करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा दो बड़े भारतीय शहरों मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी ओरल फिक्सेशन टूर के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट के जरिए वह बचों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं। शकीरा का करियर तीन दशकों से भी यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मिली बड़ी राहत, 150 करोड़ के स्कैम मामले में पीएमएलए कोर्ट ने दी जमानत



शिल्पा शेट्टी के पति और फेमस बिजनेसमैन राज कुंद्रा को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. खबर है कि राज को मुंबई की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने 150 करोड़ के स्कैम मामले में जमानत दे दी है. राज पिछले काफी समय से इस मामले को लेकर कोर्ट के चक्कर काट रहे थे, अब फाइनली उन्हें राहत मिली है. चलिए जानते हैं, क्या है ये पूरा मामला. ये पूरा मामला 150 करोड़ के बिटकॉइन स्कैम से जुड़ा है. दरअसल, साल 2018 में पुणे के निगडी और नांदेड़ पुलिस स्टेशन में राज के खिलाफ स्नढ्क्र दर्ज की गई थी, जिसमें वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और गैनबिटकॉइन के प्रमोटर अमित भारद्वाज ने निवेशकों को बिटकॉइन माइनिंग के नाम पर भारी रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी की थी. इसी मामले में राज कुंद्रा का भी नाम आया था. श्वष्ठ ने आरोप लगाया था कि राज को अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे, जिनकी वैल्यू लगभग 150.47 करोड़ रुपये आंकी गई. कोर्ट के बाहर राज कुंद्रा बेहद ही खुश नजर आए. उन्होंने मीडिया से कहा- मैंने कुछ किया ही नहीं था. वाहेगुरू की महर है, सब कुछ ठीक है. वहीं, जब केस को हाईकोर्ट में चैलेंज करने का सवाल किया गया तो राज ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं है. वहीं, बता दें कि राज को जमानत की  हैं कि उन्हें 1 लाख की जमानत देनी होगी और वे कोर्ट की इजाजत लेने के बाद ही विदेश जा सकेंगे.

## मनोज बाजपेयी और अनिल कपूर ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से की मुलाकात



अभिनेता मनोज वाजपेयी समेत अन्य ने मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। अभिनेता ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर राष्ट्रपति मैक्रों के साथ तस्वीर साझा करते हुए इस मुलाकात को सम्मान की बात बताया। मनोज ने लिखा, आज के लंच में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलना सम्मान की बात रही। उनकी गर्मजोशी के साथ-साथ सिनेमा, संस्कृति और देशों के बीच पुल बनाने में कहानी कहने की भूमिका पर हुई चर्चा की स्पष्टता और गहराई ने विशेष रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच सिनेमा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को लेकर हुई बातचीत यह याद दिलाती है कि आज की दुनिया में विचारशील नेतृत्व और सांस्कृतिक संवाद कितने महत्वपूर्ण हैं। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने भी राष्ट्रपति मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों के साथ मुलाकात को प्रेरणादायक बताया। अनिल कपूर ने कहा कि सिनेमा, संस्कृति और भारत-फ्रांस के बीच मजबूत रिश्तों पर विचारों का आदान-प्रदान बेहद खास रहा। उन्होंने लिखा, भारत-फ्रांस दोस्ती के नाम और उन कहानियों के नाम, जो अभी कही जानी बाकी हैं। राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 फरवरी 2026 तक भारत के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। वह पहले मुंबई पहुंचे और फिर नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है और भारत की उनकी चौथी आधिकारिक यात्रा है। दौरे का मुख्य उद्देश्य 'होराइजन 2047 रोडमैप' के तहत भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और उसे और मजबूत करना है। बातचीत में रक्षा सहयोग, व्यापार, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा शामिल है। रक्षा क्षेत्र में अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की संभावित खरीद और औद्योगिक सहयोग पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

## खाना बनाने से पहले चावल भिगोना क्यों है जरूरी



चावल आसानी से पचने वाला भोजन है, लेकिन बहुत से लोग चावल पकाने के सही तरीके से अनजान हैं। यह तरीका आपके स्वास्थ्य पर बड़ा असर डालता है। बहुत से लोग जल्दबाजी में चावल धोते ही तुरंत उबाल देते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसा करना सही नहीं है। चावल को पकाने से पहले पानी में भिगोना न केवल उसकी पौष्टिकता बढ़ाता है, बल्कि ब्लड शुगर और पाचन संबंधी फायदे भी देता है।

चावल में एक प्राकृतिक तत्व फाइटिक एसिड होता है, जो हमारे शरीर में आयरन, जिंक और कैल्शियम के अवशोषण को रोकता है। अगर चावल को बिना भिगोए पका लिया जाए, तो ये जरूरी मिनरल्स ठीक से शरीर में नहीं पहुंचते। चावल को कुछ देर पानी में भिगोने से फाइटिक एसिड निकल जाता है और पोषक तत्वों का एब्जॉर्प्शन आसान हो जाता है। इससे खासकर उन लोगों को फायदा होता है जिन्हें आयरन या जिंक की कमी है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की रिसर्च के अनुसार, चावल को भिगोने से टेक्सचर और स्वाद भी बेहतर होता है। भीगे हुए चावल जल्दी पकते हैं और नरम रहते हैं। इससे खाना बनाने में आसानी होती है। भिगोने से चावल में मौजूद एंजाइम्स कार्बोहाइड्रेट्स को आसान शुगर में बदलने में मदद करते हैं, जिससे इन्हें पचाना और शरीर में पोषक तत्वों को एब्जॉर्ब करना आसान हो जाता है। इसके अलावा, चावल को भिगोने से इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है।

सेहत के लिए हानिकारक आधी रात में भोजन करना, मोटापा-तनाव की बनता है वजह ये भी प?  सेहत के लिए हानिकारक आधी रात में भोजन करना, मोटापा-तनाव की बनता है वजह

भिगोए हुए चावल खाने से ब्लड शुगर जल्दी नहीं बढ़ता। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए खासतौर पर फायदेमंद है। सफेद चावल को 15-20 मिनट, बासमती चावल को 20-30 मिनट, ब्राउन राइस को 6-8 घंटे और साबुत अनाज वाले चावल को 8-12 घंटे भिगोना सबसे अच्छा माना जाता है। भिगोने से पहले चावल को दो या तीन बार धोना भी जरूरी है। हालांकि, सफेद चावल को ज्यादा देर तक पानी में न छोड़ें, क्योंकि इससे विटामिन और मिनरल निकल सकते हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com